Seventeenth Series, Vol. XII No. 4

Friday, July 23, 2021
Sravana 1, 1943 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Sixth Session**

**(Seventeenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XII contains Nos. 1 to 10 )*

**LOK SABHA SECRETARIAT**
**NEW DELHI**

## ***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**
**Lok Sabha**

Suman Arora

**Joint Secretary**

Suman Rattan

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Srivilasa Pandey

**Joint Director**

Sunita Arora

**Editor**



**© 2021 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XII, Sixth Session, 2021/1943 (Saka)**
**No. 04, Friday, July 23, 2021/ Sravana 1, 1943 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **REFERENCE BY THE SPEAKER** | |
| Best wishes to the Indian Contingent for their participation in Tokyo Olympics | 8 |
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 61, 62, 68 and 73 | 9-17 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 63 to 67, 69 to 72 and 74 to 80 | 31-104 |
| Unstarred Question Nos. 691 to 920 | 105-800 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 802-804

**STANDING COMMITTEE ON COMMERCE**
161st and 162nd Reports 805

**STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE**
293rd Report 805

**STATEMENTS BY MINISTER** 806-807

(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 333rd Report of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change on Demands for Grants (2020-21) pertaining to the Ministry of Earth Sciences

(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 342nd Report of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change on Demands for Grants (2021-22) pertaining to the Department of Biotechnology, Ministry of Science and Technology

**Dr. Jitendra Singh** 806-807

**BUSINESS OF THE HOUSE** 808-809

**ELECTIONS TO COMMITTEES** 810-816

(i) Committee on Public Undertakings 810
(ii) Committee on Estimates 811
(iii) Public Accounts Committee 812-813
(iv) Committee on Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes 813-814
(v) Committee on Welfare of Other Backward Classes 814-816

**MOTION RE: REPORT OF JOINT COMMITTEE ON THE PERSONAL DATA PROTECTION BILL, 2019 - EXTENSION OF TIME** 817

**MATTERS UNDER RULE 377** 818-831

(i) Need to include places associated with great historical personalities of Rajasthan under 'PRASAD' and 'SWADESH DARSHAN' schemes and also install the statue of Raja Rana Punja

**Shri Arjun Lal Meena** 818-819

(ii) Need to expedite construction of canal for channelizing water of Niradevghar Dam in Maharashtra

**Shri Ranjeetsinha Hindurao Naik Nimbalkar** 820

(iii) Regarding inclusion of all the farmers under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan

**Shri Rahul Kaswan** 821

(iv) Regarding better road connectivity between districts of West Bengal and Garo Hills

**Dr. Sukanta Majumdar** 822

(v) Need to protect the interest of students falling prey to unrecognised universities and institutes mushrooming in the country

**Shri Sumedhanand Saraswati** 823

(vi) Need to sanction additional houses under Pradhan Mantri Awas Yojana in Odisha particularly in Balasore Parliamentary Constituency

**Shri Pratap Chandra Sarangi** 824-825

(vii) Regarding GST and Import charges waiver on medicines

**Adv. Dean Kuriakose** 825

(viii) Regarding new dam construction over Markandeya river in Karnataka

**Dr. A. Chellakumar** 826

(ix) Regarding financial crisis in Andhra Pradesh

**Shri Raghu Rama Krishna Raju** 827

(x) Need to set up a Bench of High Court of Bombay at Pune

**Shri Shrirang Appa Barne** 828

(xi) Need to build a temple of Mata Sita, wife of Lord Rama in Sitamarhi, Bihar and also run a train from Ayodhya to Janakpur via Sitamarhi

**Shri Sunil Kumar Pintu** 829

(xii) Regarding declaration of Durgadevi settlement, Balasore as a protected site

**Shri Bhartruhari Mahtab** 830

(xiii) Regarding National Level Research Institute for Nano Textile Technology

**Shri N.K. Premachandran** 831

***ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions

Member-wise Index to Unstarred Questions

***ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions

Ministry-wise Index to Unstarred Questions

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

**LOK SABHA DEBATES**

---

LOK SABHA

----------

Friday, July 23, 2021/Sravana 1, 1943 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

**REFERENCE BY THE SPEAKER**

Best wishes to the Indian Contingent for their participation in Tokyo Olympics

**माननीय अध्यक्ष :**माननीय सदस्यगण**,** आज से टोक्यो**,** जापान में 32वें ओलम्पिक खेल प्रारम्भ हो रहे हैं। ओलम्पिक खेल अंतर्राष्ट्रीय शांति**,** मैत्री**,** बन्धुत्व**,** विविधता में एकता तथा उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। इन खेलों में हमारे देश के 127 एथलीट्स भाग ले रहे हैं**,** जो अभी तक की सबसे बड़ी संख्या है। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से इन खेलों में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं पद्म विजय के लिए शुभकामनायें देता हूं।

---

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न काल।

प्रश्न संख्या 61, श्री अरविंद सावंत जी।

…(व्यवधान)

**11.01 hrs**

*At this stage, S/Shri Kalyan Banerjee, Gaurav Gogoi, Shrimati Harsimrat Kaur Badal, Dr. T. Sumathy (A) Thamizhachi Thangapandian and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

… (*Interruptions*)

**11.02 hrs**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 61, श्री अरविंद सावंत जी।

**(Q. 61)**

**SHRI ARVIND SAWANT:** The Minister is well aware कि मुंबई, पूरे महाराष्ट्र में 720 किलोमीटर का कोस्टल एरिया है और खारलैंड है। आप जानते हैं कि महाराष्ट्र ने भी खुद का एक कानून बनाया है। वर्ष 1979 में महाराष्ट्र खारलैंड डेवलपमेंट एक्ट, 1979 को पारित किया गया। उसमें प्रावधान है कि राज्य की सरकार भी जमीन का अधिग्रहण जनता के हित में विकास के काम के लिए कर सकती है। मुंबई में मेट्रो रेल का प्रोजेक्ट शुरू हो चुका है।… (व्यवधान) मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के समय यह हुआ कि मेट्रो रेल के लिए जब वन की जमीन ली गई, तो हमारे राज्य के मुख्यमंत्री आदरणीय उद्धव ठाकरे साहब ने कहा कि वन की जमीन मत लीजिए।… (व्यवधान) उन्होंने मुंबई के कांजुर क्षेत्र में मेट्रो रेल के कारशेड के लिए जमीन की मांग की। पहले जो सरकार राज्य में थी, उस राज्य की सरकार के मार्फत कहा गया था कि यह खारलैंड हमारी है, राज्य सरकार की है, लेकिन अब नई सरकार आ गई है।…(व्यवधान) नई सरकार ने मेट्रो रेल का प्रोजेक्ट कांजुर में व कांजुर शेड बनाने के लिए मांग की। केन्द्र की सरकार कहने लगी कि यह जमीन हमारी है। आप सब का साथ, सबका विकास, सबके विश्वास की बात करते हैं।… (व्यवधान) खारलैंड के कारण हमारे कांजुर मेट्रो रेल का प्रोजेक्ट प्रलम्बित रहा है। मैं आपसे विनती करता हूं, आपने उत्तर में कहा है कि कुछ सिफारिशें 21 मार्च को मंजूर की हैं, क्या उन सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए कांजुर शेड का प्रकल्प, जिसे राज्य

सरकार ने आपके पास प्रस्तावित किया है, उसे मंजूरी दी जाएगी और क्या केन्द्र की सरकार वह जमीन राज्य की सरकार को हस्तांतरित करेगी?… (व्यवधान)

**श्री भूपेन्द्र यादव:** माननीय अध्यक्ष महोदय, यह सही है कि महाराष्ट्र में खारलैंड डेवलपमेंट एक्ट, अंडर महाराष्ट्र एक्ट नंबर 11, 1979 है, इसको समय-समय पर मॉडीफाई भी किया गया है। …(व्यवधान) जहां तक माननीय सदस्य के प्रश्न का सवाल है, मैं उनको यह कहना चाहूंगा कि CRZ Notification, 2019 is being implemented overall in the State of Maharashtra. …(*Interruptions*). The provision of CRZ Notification, 2011 is in force, pending updation of CZMP as per CRZ Notification, 2019. मैं आपको आगे कहना चाहूंगा कि जो ड्राफ्ट सीजेडएमपी मुंबई और नवी मुंबई डिस्ट्रिक्ट के संबंध में महाराष्ट्र सरकार ने भेजे हैं, वे मिनिस्ट्री को रिसीव हो गए हैं और वे अभी अंडर एग्जामिनेशन हैं।… (व्यवधान)

**श्री अरविंद सावंत :**आप जानते हैं कि मुंबई में सरकार किसी की भी हो …(व्यवधान) हम पहले एनडीए सरकार के माध्यम से … (व्यवधान) मुंबई शहर के लिए मेट्रो रेल का प्रोजेक्ट बहुत ही महत्वपूर्ण है। उस प्रोजेक्ट के लिए यह जो कांजुर शेड की जमीन है, वह अगर मिली, तो वह प्रोजेक्ट जल्दी पूरा हो सकता है।… (व्यवधान)

आपने कहा है कि आपके पास महाराष्ट्र सरकार की तरफ से प्रस्ताव आया है। मैं आपसे यह बताने की विनती करता हूं कि यह प्रस्ताव कितने दिनों में मंजूर करके आप इसकी जानकारी महाराष्ट्र सरकार को दे देंगे?

**श्री भूपेन्द्र यादव:** अध्यक्ष महोदय, जो नियत प्रक्रिया है, उसके अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। (व्यवधान) मैंने पहले भी कहा है कि यह अंडर एग्जिामिनेशन है।… (व्यवधान)

**श्री कृपाल बालाजी तुमाने:** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि महाराष्ट्र राज्य से ऐसे कितने प्रस्ताव सीआरजेड के अंतर्गत प्रलंबित हैं? जो प्रलंबित प्रस्ताव हैं, … (व्यवधान) उसका केन्द्र सरकार कब तक निपटारा करने वाली है?

**श्री भूपेन्द्र यादव :** अध्यक्ष महोदय, मुंबई और मुंबई सब-अर्बन डिस्ट्रिक्ट का प्रस्ताव सरकार के पास आया है और हमें बाकी के लिए प्रतीक्षा है। अन्य राज्यों से भी प्रतीक्षा है। … (व्यवधान) जहां तक कोस्टल जोन मैनेजमेंट प्लान का विषय है, अभी तक केवल ओडिशा राज्य का पूरा हुआ है, बाकी राज्यों का विवरण मेरे पास है। … (व्यवधान) हमारे द्वारा सभी से अपेक्षा की जा रही है कि वे प्लान बनाकर भेजेंगे।

**श्री अरविंद सावंत:** माननीय मंत्री जी समय की पाबंदी बताएंगे तो अच्छा होगा। आप समय की पाबंदी बताएं। … (व्यवधान) टाइम लिमिट बताएं।

**श्री कृपाल बालाजी तुमाने :**माननीय मंत्री जी, यह कितने दिनों में पूरा होगा? … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न 62 के साथ प्रश्न 68 और 73 को क्लब किया जाता है।

श्री राहुल शेवाले ।

**(Q. 62, 68 and 73)**

**श्री राहुल रमेश शेवाले:** अध्यक्ष महोदय, मैंने ग्लोबल टेंडर के बारे में एक क्वेश्चन पूछा है। मैं इस बारे में बताना चाहता हूं कि इस इश्यू पर मैंने सरकार को एक पत्र लिखा था। देश में जो भी ग्लोबल टेंडर्स निकाले जा रहे हैं, उन ग्लोबल टेंडर्स को रिस्पांस नहीं मिल रहा था। … (व्यवधान) मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ने भी ग्लोबल टेंडर निकाला था, महाराष्ट्र स्टेट गवर्नमेंट ने भी ग्लोबल टेंडर निकाला था। लेकिन केन्द्र सरकार के सपोर्ट के बिना ग्लोबल टेंडर चाहे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन हो या स्टेट गवर्नमेंट हो, वह सक्सेस नहीं हो सकता है। उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट ने भी ग्लोबल टेंडर निकाला था, वह भी सक्सेस नहीं हुआ। उसका एक ही कारण है कि सेंट्रल गवर्नमेंट की भी परमिशन्स होती है। … (व्यवधान) ग्लोबल टेंडर के सप्लायर्स के जो इंडियन पार्टनर्स हैं, उनको जो परमिशन मिलनी चाहिए, वह परमिशन नहीं मिलने की वजह से पूरे देश में चाहे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ने टेंडर निकालता हो या स्टेट गवर्नमेंट ने टेंडर निकाला हो, वे सब फेल हुए।… (व्यवधान)

मेरी सरकार से गुजारिश है कि अगर पूरे देश में ग्लोबल टेंडर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन या स्टेट गवर्नमेंट को निकालना है तो उसके लिए एक यूनिफार्म पॉलिसी होनी चाहिए। यूनिफार्म गाइडलाइन होनी चाहिए और यूनिफार्म टेंडर ड्राफ्ट होना चाहिए। जो भी सप्लाई करेगा, उस सप्लाई को आईसीएमआर और डीसीजीआई की परमिशन मिलनी चाहिए। उसके न होने की वजह से जितने भी ग्लोबल टेंडर हुए हैं, वे सब फेल हुए हैं। … (व्यवधान)

आज देश का हर स्टेट या जो भी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन हो, वे सेंट्रल गवर्नमेंट के ऊपर निर्भर हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट की पॉलिसी है कि पचास परसेंट गवर्नमेंट सप्लाई करेगी और पचास परसेंट आप मार्केट से परचेज कर सकते हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, कोविड संक्रमण और वैक्सीन के महत्वपूर्ण मामले पर चर्चा हो रही है। मेरा आपसे आग्रह है**,** पूरा देश जानना चाहता है कि वैक्सीन के बारे में भारत की स्थिति क्या है? मैं आपसे आग्रह करता हूं, आप सभी वरिष्ठ सदस्य हैं, आप कम से कम मास्क लगा कर रखें, आप मास्क लगा कर रखें क्योंकि कोरोना संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य आप मास्क लगा कर रखें, अगर आप खुद संक्रमण फैलाएंगे तो देश में क्या मैसेज जाएगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप जनप्रतिनिधि हैं**,** जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। आपको जनता ने चुनकर भेजा है कि कोविड के बारे में चर्चा हो, वैक्सीनेशन के बारे में चर्चा हो। आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं, मास्क खोलकर नारेबाजी कर रहे हैं, तख्तियां निकाल रहे हैं, यह उचित नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, कोविड गाइडलाइन का पालन कीजिए। आप जनप्रतिनिधि हैं। आपसे जनता मार्गदर्शन प्राप्त करती है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** प्लीज आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए। मैं हर मुद्दे और विषय पर आप को चर्चा करने का मौका दूंगा, उपयुक्त समय और अवसर दूंगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, आप अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए । मैं आपको चर्चा का मौका दूंगा। आप पहले अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए। मैं आपको मौका दूंगा।

… (व्यवधान)

**श्री मनसुख मांडविया:** माननीय अध्यक्ष महोदय, वैक्सीन की उपलब्धता के लिए ग्लोबल टेंडर का एक महत्वपूर्ण प्रश्न उपस्थित किया गया है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन और देश को बताना चाहता हूं कि देश में कोविड और वैक्सीनेशन के संदर्भ में देश में राजनीति न हो, पॉलिटिक्स न हो । ऐसा माननीय प्रधानमंत्री जी ने कई बार कहा है और इसी विषय को लेकर मैं यहां रिप्लाई दूंगा । मैं इस विषय पर राजनीति भी नहीं करना चाहूंगा। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक तथ्य आपके सामने रखना चाहता हूं। हम एक फैडरल स्ट्रक्चर के अनुरूप को विड क्राइसिस के सामने सामूहिक तरीके से लड़ सकें, इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने आज तक 20 बार स्टेट गवर्नमेंट्स के साथ, मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत की, चर्चा की और उन्होंने जो सुझाव दिए, भारत सरकार ने सहयोग करने के लिए समय-समय पर कार्य योजना बदली। सबसे पहले विपक्ष, कई लोगों और राज्यों द्वारा प्रश्न उठाया जाता था कि हैल्थ स्टेट सब्जेक्ट है। हैल्थ के लिए स्टेट को भी विश्वास में लेना चाहिए, उन्हें अनुमति देनी चाहिए। राज्यों ने कहा कि वैक्सीन हम भी खरीद सकते हैं, हमें भी अनुमति देनी चाहिए। … (व्यवधान) माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हमें कोई दिक्कत नहीं है, अगर राज्य खरीदना चाहते हैं तो खरीदें क्योंकि अल्टीमेटली तो देश के नागरिकों का वैक्सीनेशन होना है। माननीय मोदी जी ने इसलिए कहा कि 1 मई से 25 परसेंट स्टेट खरीदे, 25 परसेंट प्राइवेट लोग खरीदें और 50 परसेंट भारत सरकार खरीदकर देश के नागरिकों का टीकाकरण करे। 25 परसेंट के लिए हर स्टेट ने टेंडर निकाला। … (व्यवधान) हमने कहा कि हम

सहयोग करेंगे । लेकिन देने वाले लिमिटेड थे, भारत सरकार भी बात कर रही थी । राज्य सरकार ने कहा कि हम टेंडर निकालना चाहते हैं । हमने कहा कि हम क्या मदद कर सकते हैं, हम मदद करने के लिए तैयार हैं, आप खरीद सकते हैं, टेंडर निकाल सकते हैं । … (व्यवधान) इस पर राजनीति भी हो सकती थी, जो कई लोगों ने की । हमारा क्लियर मन था और माननीय मोदी जी ने कहा, इस विषय पर राजनीति नहीं, जो राज्य खरीदना चाहते हैं, हम मदद करेंगे । कई राज्यों ने ग्लोबल टेंडर किया, लेकिन कंपनी निश्चित थीं । भारत की दो कंपनियों ने वैक्सीन की मैन्युफैक्चिरिंग शुरू कर दी थी, सीरम इंस्टीट्यूट और भारत बायोटेक । मॉडर्ना ने इंडिया में रजिस्ट्रेशन ले लिया है, परमिशन दे दी है । … (व्यवधान) जॉनसन एंड जॉनसन ने भारत में बायोलॉजिकली इवेंट्स के साथ को ऑर्डिनेशन कर लिया है, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का काम चल रहा है, दो कंपनीज़ बची थीं । फाइजर के साथ भारत सरकार एक लैवल पर बात कर रही है, आज भी कर रही है, तब भी कर रही थी, लेकिन एक कंपनी ने बोल दिया कि हम स्टेट से बात नहीं करेंगे, हमसे भारत सरकार बात कर रही है । आज भी भारत सरकार का एक एक्सपर्ट ग्रुप उनके साथ बात कर रहा है । इंडिया में और कंपनीज़ को परमिशन दे दी है । इश्यू यह नहीं है, इश्यू राजनीति का है । इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए । … (व्यवधान) हमारा मकसद और लक्ष्य है कि देश में शत-प्रतिशत 18 की आयु से ऊपर नागरिकों का वैक्सीनेशन हो । इसके लिए हम सब लोगों को साथ में मिलकर प्रयास करना चाहिए । यह राजनीति का अवसर नहीं है । ऐसा नहीं है कि लोगों को पता नहीं था, जब इंटरनेशनल और बाए लेटरल बात होती है, तो कंपनी टू कंपनी, गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट बात होती है । हम आज के दिन तक हर संभव प्रयास कर रहे हैं । आज के दिन भी दुनिया में सबसे ज्यादा मैन्युफैक्चिरिंग कैपिसिटी इंडिया ने प्राप्त कर ली है और आगे और प्राप्त होगी । हम लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं । … (व्यवधान)

यह बहुत ओपन फोरम था । मुख्यमंत्रियों की मीटिंग में एक विषय निकला कि हमें वैक्सीन नहीं मिल रही है तो भारत सरकार को 25 परसेंट प्रोक्योर करके देनी चाहिए । माननीय मोदी जी ने कहा

कि कोई दिक्कत नहीं, 21 जुलाई को नई पॉलिसी लाए कि हम देश के सभी नागरिकों का फ्री वैक्सीनेशन करेंगे। यह सभी राज्यों के कहने से लाए। … (व्यवधान) 25 परसेंट स्टेट को लेना था, वे ले नहीं पाए। देश के शत-प्रतिशत नागरिकों का वैक्सीनेश न हो, इसके लिए माननीय मोदी जी ने, भारत सरकार ने वैक्सीनेशन अभियान चलाया है। मेरा आग्रह है कि हम सब साथ मिलकर वैक्सीनेशन में सहयोग करें। हम सब लोग साथ मिलकर, जब वैक्सीनेशन केंद्र चालू हों, वहां जाएं, प्रोत्साहित करें। हम सब साथ मिलकर, जो भ्रम फैला रहे हैं, उन्हें रिप्लाई करें। हम सभी लोग साथ में मिलकर, जो लोग टीका नहीं लगा रहे हैं, उनको प्रोत्साहित करें कि वे टीका लगवाएं और देश में माननीय मोदी जी के 'सभी लोगों को फ्री वैक्सीन' के अभियान के साथ जुडें। … (व्यवधान)

**श्री राहुल रमेश शेवाले:** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अभी विस्तार से पूरी जानकारी दी है। लेकिन, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जिस स्थिति के बारे में आपने बताया है, वह स्थिति मुम्बई में नहीं है। मुम्बई में अभी भी वैक्सीन की शॉर्टेज है। … (व्यवधान) मुम्बई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने ग्लोबल टेंडर निकाला था, लेकिनउसको रेस्पांस नहीं मिला, क्योंकि, केंद्र सरकार से जो सपोर्ट मिलना चाहिए था, वह सपोर्ट न मिलने की वजह से, जैसे अभी आपने बताया कि चाहे मॉडर्ना हो या फाइजर, सभी के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है, तो क्या उस इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए केंद्र सरकार सपोर्ट करेगी? … (व्यवधान) मुम्बई में अभी भी जितनी कोवैक्सीन या कोविशील्ड की सप्लाई होनी चाहिए, वह सप्लाई न मिलने की वजह से मुम्बई में जितने भी वैक्सीन सेंटर्स हैं, वे तीन दिन से बंद हैं। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, पूरा देश वैक्सीनेशन के बारे में जानना चाहता है।

… (व्यवधान)

**श्री राहुल रमेश शेवाले :** मैं माननीय मंत्री से यह कहना चाहता हूं कि मुम्बई को कोविशील्ड और कोवैक्सीन की सप्लाई मिलनी चाहिए। मॉडर्ना या अन्य वैक्सीन के ग्लोबल टेंडर के लिए मुम्बई को जो सपोर्ट मिलना चाहिए, वह सपोर्ट केंद्र सरकार से मिलना चाहिए।

दूसरा, मेरी एक रिक्वेस्ट है कि ग्लोबल टेंडर में जितने भी वैक्सीन सप्लायर्स हैं, यदि आप उनको टैक्स में एग्जेम्पशन देंगे, तो पूरे देश में एक यूनिफॉर्म रेट मिलेगा। अभी सभी जगह से अलग-अलग रेट आ रहे हैं। … (व्यवधान)

**श्री मनसुख मांडविया:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं पहले भी यह कह चुका हूं कि किसी भी राज्य को**,** कोई भी कंपनी वैक्सीन देने के लिए तैयार है, तो हम जो भी कहें… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, पूरा देश वैक्सीन के बारे में जानना चाहता है। मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं कि आप जाइए। किस तरीके से देश में वैक्सीनेशन होगा, किस तरह से आप देश की सुरक्षा करेंगे? माननीय सदस्यगण, आप जन प्रतिनिधि हैं, आपको जनता ने चुन कर भेजा है।

---

… (व्यवधान)

## *WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

(Starred Question Nos. 63 to 67, 69 to 72 and 74 to 80
Unstarred Question Nos. 691 to 920)
(Page No. 31 to 800)

**माननीय अध्यक्ष :** सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**11.17 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.*

---

* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

**<u>12.00 hrs</u>**

*The Lok Sabha reassembled at Twelve of the Clock.*

(Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

… (<u>व्यवधान</u>)

**<u>12.0 ½ hrs</u>**

*At this stage S/Shri Gaurav Gogoi, Kalyan Banerjee, Benny Behanan and some other Hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

… (<u>व्यवधान</u>)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, हमें कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (<u>व्यवधान</u>)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप सभी अपने-अपने स्थानों पर बैठ जाइए।

… (<u>व्यवधान</u>)

**12.01hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

**माननीय सभापति :** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे। आइटम नंबर 2 से 5.

श्री अर्जुन राम मेघवाल जी।

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय**,** श्री भूपेन्द्र यादव जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4360/17/21]

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, डॉ. जितेन्द्र सिंह जी की ओर से, मैं श्री चित्र तिरुनल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेन्द्रम अधिनियम, 1980 की धारा 33 के अंतर्गत विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, श्री चित्र तिरुनल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेन्द्रम (निदेशक की नियुक्ति तथा वेतन और भत्ते) नियम, 2021, जो 15 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या

सा.का.नि. 40 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

[Placed in Library, See No. LT 4361/17/21]

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, श्री अश्विनी कुमार चौबे जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 26 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :-

(एक) पर्यावरण (संरक्षण) संशोधन नियम, 2021, जो 1 अप्रैल, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 243(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) पॉलिविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) पाइप और फिटिंग में लेड स्टैबलाइजर नियम, 2021, जो 31 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 228(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 4362/17/21]

(2) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 25 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :-

(एक) सा.का.नि. 350(अ) जो 28 मई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जो एनसीआर में चूना भट्टियों में पेट कोक के विक्रय और उपयोग के बारे में हैं।

(दो) का.आ. 2(अ) जो 1 जनवरी, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो द्वीप तटीय विनियमन क्षेत्र (आईसीआरजेड) में, उसमें उल्लिखित, संशोधनों के बारे में है।

(तीन) का.आ. 2239(अ) जो 10 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो द्वीप तटीय विनियमन क्षेत्र (आईसीआरजेड) में, उसमें उल्लिखित, संशोधनों के बारे में है।

(चार) का.आ. 2353(अ) जो 17 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा कर्नाटक तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण का राजपत्र में इस आदेश के प्रकाशन की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के लिए गठन किया गया है।

[Placed in Library, See No. LT 4363/17/21]

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, डॉ. (प्रो.) महेन्द्र मुंजपरा जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4364/17/21]

---

**12.01 ½ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON COMMERCE

## 161st and 162nd Reports

**DR. MANOJ RAJORIA (KARAULI-DHOLPUR):** Sir, I beg to lay on the Table the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Commerce:-

(1) 161st Report on 'Review of the Intellectual Property Rights Regime in India'.

(2) 162nd Report on Action Taken by Government on the Recommendations/Observations of the Committee contained in its One Hundred and Fifty-fourth Report on 'Export of Agricultural and Marine Products, Plantation Crops, Turmeric and Coir'.

---

**12.02 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE

293rd Report

**श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल) :** सभापति महोदय, मैं "देश में विमानन संयोजनता की स्थिति" के बारे में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति का 293वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

**12.02 ½ hrs**

## STATEMENTS BY MINISTER

### (i) Status of implementation of the recommendations contained in the 333rd Report of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change on Demands for Grants (2020-21) pertaining to the Ministry of Earth Sciences*

**THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES, MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS, MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH):** Sir, with your kind permission, I rise to lay the following statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 333rd Report of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change on Demands for Grants (2020-21) pertaining to the Ministry of Earth Sciences.

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4358/17/21

**(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 342nd Report of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change on Demands for Grants (2021-22) pertaining to the Department of Biotechnology, Ministry of Science and Technology***

**THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES, MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS, MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH):** Sir, with your kind permission, I rise to lay the following statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 342nd Report of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change on Demands for Grants (2021-22) pertaining to the Department of Biotechnology, Ministry of Science and Technology.

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4359/17/21

**12.03 hours**

## BUSINESS OF THE HOUSE

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CULTURE (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL):** Hon. Chairperson Sir, with your permission, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 26th of July, 2021 may consist of :-

1. Consideration of any items of Government Business carried over from today's order paper: - [it contains *(i) Consideration and passing of the Factoring Regulation (Amendment) Bill, 2020 (ii) Consideration and passing of the National Institute of Food Technology Entrepreneurship and Management Bill, 2021, as passed by Rajya Sabha.*]
2. Discussion on Statutory Resolution seeking disapproval of the Insolvency and Bankruptcy Code (Amendment) Ordinance, 2021 (No. 3 of 2021) promulgated by the President of India on 4th April, 2021 and consideration and passing of the Insolvency and Bankruptcy Code (Amendment) Bill, 2021.
3. Discussion on Statutory Resolution seeking disapproval of the Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas Ordinance, 2021 (No. 4 of 2021) promulgated by the President of India on

13th April, 2021 and consideration and passing of the Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas Bill, 2021.

